## खास-खबरें

### नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहेः नपाध्यक्ष राठौर



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर में नगर पालिका परिषद के द्वारा विकास कार्य तेजी से किए जा रहा है। रविवार को वॉर्ड क्रमांक 19 में विकास कार्यों को गति देते हुए राकेश के घर से अक्षय के घर तक निर्मित सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया। लगभग 7 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इस मौके पर नागरिकों और वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष श्री राठौर का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, सभापति नरेंद्र राजपूत, कमलेश राठौर, दीदी चिंचोले, अभय सर, संगीता राय, मनीष कुशवाहा, दिनेश शर्मा, मुकेश कालरा, ओमप्रकाश अग्रवाल, अमित जोशी, बाबूलाल जैन सहित वॉर्ड क्रमांक 19 के बड़ी संख्या में नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर एवं परिषद का आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश की रैंकिंग में विदिशा 17वें स्थान पर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर अभियान की अवधि 18 जून तक जिले में कुल 83 हजार 434 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 80 हजार 430 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। बैठक में बताया गया कि 22 जून की स्थिति में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला 17वें स्थान पर है।

### योग दिवस पर नगर पालिका परिषद पीथमपुर ने आयोजित किया विशेष योगाभ्यास



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुरः** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद पीथमपुर के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री आरती गरवाल ओर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सेवंती सुरेश पटेल के मार्गदर्शन में हाउसिंग कम्युनिटी हॉल सहित कई स्थानों पर योग शिविर का आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम तहसीदार शिवानी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पीथमपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल,श्लालू शर्मा, पार्षद श्री अशोक पटेल, रामावतार यादव, श्सुभाष जायसवाल आदि उपस्थित रहे। शिविर योग गुरु हाकमसिंह ओर निर्मला सिंह के निर्देशन में मधुर संगीत की धुन पर सत्र शुरू हुआ। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय अधीक्षक श्री विजय अहीर,सहायक लेखाधिकारी दीपक माहौर, सिटी मिशन मैनेजर प्रितम भारसाकले, ईश्वरीलाल मेडा, लोकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### शाजापुर में अकीदत के साथ निकला लक्कड़शाह की बुर्राक का जुलूस, गूंजी या हुसैन की सदाएं



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** मोहर्रम का मुकद्दस महीना जैसे-जैसे परवान चढ़ रहा है, मुस्लिम समाजजनों के दिलों में इमाम हुसैन और करबला के शहीदों की यादें और भी गहरी होती जा रही हैं। इसी हुसैनी जज्बे और अकीदत के साथ रविवार को शहर में लक्कड़शाह की बुर्राक का जुलूस निकाला गया। मातमी धुनों के बीच निकले इस भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर शोहदा-ए-करबला के प्रति अपनी मोहब्बत जाहिर की, जिससे शहर की फिजाओं में या हुसैन के नारे गूंज उठे। गौरतलब है कि पर्व के दौरान समाज के लोग अपने रब की इबादत में मशगूल हैं। करबला के शहीदों की याद में जगह-जगह दूध और शरबत पिलाकर दुरूद और फातेहा पढ़ी जा रही है। मोहर्रम की पांचवीं तारीख को स्थानीय पायगा से मीरकला बाजार तक लक्कड़शाह की बुर्राक का जुलूस पूरी शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। लक्कड़ शाह की बुर्राक का जुलूस अपराह्न 3.30 बजे पायगा से शुरू हुआ। यह कारवां मुगलपुरा, कसाईवाड़ा, किला रोड, छोटा चौक और बड़ा चौक से होता हुआ मीरकला बाजार स्थित शाही जामा मस्जिद पहुंचा। जुलूस के मस्जिद पहुंचने के बाद, नौबत-ताशों के साथ बुर्राक को लक्कड़शाह के तकिया में पूरे अदब और एहतराम के साथ स्थापित किया गया।

# कोतवाली परिसर में महिला आरक्षक के घर लाखों की चोरी का खुलासा

▸▸ गिरफ्तार बदमाशों पर 30-30 केस दर्ज हैं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर में लगातार बढ़ रही चोरियों के बीच दो माह पहले हुई एक बड़ी वारदात ने पुलिस महकमे की नींद उड़ा दी थी। चौंकाने वाली बात यह थी कि चोरी किसी आम घर में नहीं बल्कि कोतवाली थाना परिसर में बने शासकीय आवास में हुई थी। महिला आरक्षक के सरकारी क्वार्टर से लाखों के जेवर, नकदी और मोबाइल चोरी होने से पूरे जिले में सनसनी फैल गई थी।

महिला आरक्षक छुट्टी पर गईं, पीछे से चोरों ने बोला धावा

फरियादिया अनीता वर्मा, जो थाना बिलकिसगंज में आरक्षक पद पर पदस्थ हैं, 9 अप्रैल 2026 को पांच दिन की छुट्टी लेकर अपने गांव बुचाखेड़ी, जिला राजगढ़ चली गई थीं। उन्होंने सी-14 कोतवाली कंपाउंड स्थित सरकारी आवास में ताला लगाकर घर बंद किया था। 14 अप्रैल की शाम जब वे वापस लौटीं तो मेन गेट खुला मिला। अंदर पहुंचते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के कमरों के ताले टूटे पड़े थे, अलमारी खुली थी और सामान बिखरा पड़ा था। लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, नकदी और दो मोबाइल गायब थे।

**शादी के लिए जोड़ी रकम भी चोर ले गएः** महिला आरक्षक ने रिपोर्ट में बताया कि अलमारी में रखी वह नगदी भी चोरी हो गई जो उनके माता-पिता ने शादी के लिए जमा कर रखी थी। इसके अलावा सोने की चेन, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, अंगूठियां, चांदी के जेवर और मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए थे। घटना ने पुलिस महकमे में भी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे।

एसपी ने बनाई स्पेशल टीम, लगातार चलती रही तलाश?: घटना की गंभीरता को देखते हुए सोनाक्षी सक्सेना ने मामले को प्राथमिकता में लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस लगातार संदिग्धों और पुराने रिकॉर्ड खंगालती रही। करीब दो माह की मशक्कत के बाद पुलिस को आखिरकार बड़ी सफलता हाथ लगी।

**दो अंतरराज्यीय शातिर चोर पुलिस के शिकंजे मेंः** कोतवाली पुलिस ने दो अंतरराज्यीय नकबजनों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अन्नू उर्फ अनिकेत मालवीय उर्फ अंकित ( 24 साल) पिता शिवनारायण मालवीय उर्फ राम सिंह , मूल निवासी रंगियापुरा, विदिशा, हाल मुकाम- सेमरा कला, पुरुषोत्तम नगर, भोपाल (किराये का मकान) तथा गोलू उर्फ उमेश अहिरवार (25 साल) पिता जयराम अहिरवार मूल निवासी करैयाखेड़ा रोड, आचार्य कॉलोनी, विदिशा, हाल पता- पैराडाईस कॉलोनी, पीथमपुर, जिला धार के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दोनों आरोपी बेहद शातिर हैं और मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों में इनके खिलाफ करीब 30-30 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों लंबे समय से चोरी, नकबजनी और संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रिय बताए जा रहे हैं।

**लाखों का माल बरामद, पुलिस ने दिखाई सख्तीः** नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के अनुसार आरोपियों के कब्जे से करीब 19 ग्राम सोने के आभूषण, 110 ग्राम चांदी के सिक्के और चोरी गया मोबाइल बरामद किया गया है। बरामद सामग्री में सोने का मंगलसूत्र पेंडेंट, सोने की चेन, दो जोड़ी कान के टॉप्स, नाक की लोंग, चार चांदी के सिक्के और एक एंड्रॉयड मोबाइल शामिल है। कुल बरामद माल की कीमत करीब 3.36 लाख रुपए आंकी गई है।

### अवैध शराब पर शिवराज सख्त, बोले-

## गांव-गांव बिक रही शराब तो अधिकारी क्या कर रहे हैं?




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** जनकल्याण शिविर में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने मंच से ही सवाल उठाया कि जब गांव-गांव अवैध शराब बेची जा रही है तो जिम्मेदार विभाग आखिर क्या कर रहे हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट कहा कि लाइसेंस प्राप्त दुकानों के अलावा किसी भी किराना दुकान, घर या अन्य स्थान पर शराब की बिक्री पूरी तरह अवैध है। इसके बावजूद यदि ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम शराब बिक रही है तो यह प्रशासनिक निगरानी की गंभीर कमी को दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अवैध शराब का सबसे अधिक दुष्प्रभाव गांव की माताओं, बहनों और बच्चों पर पड़ता है। कई परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं, इसलिए इस बुराई को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ स्थानों पर शराब ठेकेदार प्रभावशाली लोगों के माध्यम से गांवों तक शराब पहुंचाकर अवैध बिक्री करा रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को सतर्क रहना होगा। शिवराज ने प्रत्येक गांव में 5 से 7 लोगों की निगरानी समिति बनाने की अपील करते हुए कहा कि समाज और प्रशासन दोनों को मिलकर इस समस्या का समाधान करना होगा।

### बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन




**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** शहर से सटे कालीपठार क्षेत्र एवं आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने लंबे समय से बनी बिजली समस्या के विरोध में सोमवार को विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि कालीपठार बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले लगभग छह माह से विद्युत आपूर्ति बाधित है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है और भीषण गर्मी में लोगों का जीवन कठिन हो गया है। किसानों और आम नागरिकों को भी दैनिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की। ज्ञापन में कालीपठार सहित अन्य प्रभावित गांवों में लाइन और ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

**भैरूंदा।** सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली से टकराने के कारण रविवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम सुआपानी निवासी विष्णु और आदित्य बाइक से लाड़कुई से भैरूंदा की ओर आ रहे थे। देर रात बिजला जोड़ के पास सड़क पर खड़ी ट्रॉली से उनकी तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में विष्णु के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और डायल-112 की मदद से घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

## समयावधि में समाधान सुनिश्चित करेंः कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा समय-सीमा (टीएल) बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों, राजस्व मामलों तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभागवार प्रस्तुत की जाने वाली पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और निर्देशों के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री मॉनिटरिंग, केंद्रीय मंत्री एवं प्रभारी मंत्री से प्राप्त पत्रों तथा उनके उत्तरों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के साथ साथ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में प्रवेश की स्थिति, आईटीआई एवं एनआरसी भर्ती की प्रगति तथा लाड़ली बहना योजना के ट्रांजेक्शन फेल प्रकरणों की जानकारी इसके साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं के लंबित प्रकरणों की समीक्षा तथा बंद एवं हैंडओवर की गई नल-जल योजनाओं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन दुकानों पर की गई कार्यवाहियों, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में प्रवेश की स्थिति, घुमक्कड़ सर्वे की प्रगति तथा राहत राशि वितरण की समीक्षा भी की जाएगी। अंतर-विभागीय समन्वय से जुड़े विषयों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा साथ ही वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए किए गए उपायों और तैयारियों का आकलन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने एपीसी बैठक के प्रमुख बिंदु की भी गहन समीक्षा की है तदानुसार कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की गई है। लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में शासकीय भूमि एवं भवनों पर विभागवार अतिक्रमण की स्थिति, अविवादित नामांतरण के 180 दिवस से अधिक लंबित प्रकरण, 45 दिवस से अधिक लंबित बंटवारे तथा 90 दिवस से अधिक लंबित सीमांकन प्रकरणों की एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के राजस्व प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली गई है।

## माता-पिता पूजन के साथ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, योग और संगीत का दिया संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, पितृ दिवस एवं संगीत दिवस के अवसर पर संस्कार सेना द्वारा होटल प्रकाश एंड संस में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की परंपरा के अनुसार माता-पिता एवं बुजुर्गों का पूजन कर उन्हें साक्षात भगवान का स्वरूप मानते हुए सम्मान दिया गया। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों से अपने माता-पिता का पूजन कराकर परिवार और संस्कारों के महत्व का संदेश दिया गया। मंडीदीप के गोल्डन कैरी हाई सेकेंडरी स्कूल एवं सीएल आर्य स्कूल के छात्र-छात्राओं ने इसमें सहभागिता की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माता-पिता तथा विशिष्ट अतिथियों ने योग, संगीत और पारिवारिक मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। योग गुरु रमेश शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले योग अभ्यास बताए, जबकि संगीत गुरु कपूर नागर ने संगीत की शक्ति और उसके सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की। संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े ने कहा कि माता-पिता का स्थान जीवन में सर्वोच्च है। उन्होंने आगामी 6 जुलाई को हरिद्वार में आयोजित होने वाले संस्था के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम में भोपाल से आए कलाकारों ने प्रेरणादायी गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर संत-महात्माओं, अतिथियों एवं समाजसेवियों का शाल, श्रीफल, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

### महिलाओं के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर आज परिवहन कार्यालय में

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार महिलाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाने तथा उन्हें वाहन संचालन हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार 23 जून को जिला परिवहन कार्यालय में महिलाओं के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर का प्रातः 10 बजे से आयोजन किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। मध्यप्रदेश के निवासी आवेदकों को परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। सामान्यतः पुरुष आवेदकों को दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन के लर्निंग लाइसेंस के लिए 225 रु. तथा दोनों श्रेणियों के लिए 425 रु. का ऑनलाइन शुल्क जमा करना पड़ता है।

### लोकतंत्र, संविधान और किसान हितों की रक्षा को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, दो ज्ञापन सौंपे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों और आम नागरिकों ने लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब एक घंटे तक धरना देकर विभिन्न जनहित और किसान हितों से जुड़े मुद्दों को उठाया गया।

रैली के माध्यम से संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मिनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने का विरोध करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय हैं।

## उज्जैन में डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत, दो गंभीर घायल, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** जिले के नरवर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने देवास रोड पर प्रदर्शन कर डंपर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पुलिस के अनुसार नरवर निवासी धर्मेंद्र शेरवाल (39), कालू नागवंशी (35) और रोशन (36) मजदूरी के लिए उज्जैन जा रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर निकले थे। सेमलिया फंटे के पास फोरलेन सड़क पार करते समय देवास की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए और डंपर की चपेट में आ गए। हादसे में धर्मेंद्र शेरवाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कालू नागवंशी और रोशन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कालू नागवंशी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे देवास स्थित अमलतास अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं रोशन का उपचार उज्जैन के चरक अस्पताल में चल रहा है। दोनों की हालत पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है।

**हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोशः** घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हादसे से नाराज लोगों ने कुछ समय के लिए देवास रोड पर प्रदर्शन और नारेबाजी की। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार भारी वाहनों पर नियंत्रण तथा आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

सूचना मिलते ही नरवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है तथा चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले में प्रकरण दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**स्पेशल खबर** भैरूंदा के प्रमुख मार्ग गड्ढों में तब्दील, हर दिन जोखिम में हजारों लोगों की जान

## सड़कों की बदहाली पर प्रशासन बेखबर, क्या हादसे का इंतजार?



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कें इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी हैं। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे, उखड़ी सड़कें और टूटी परतें राहगीरों तथा वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। हालात ऐसे हैं कि इन मार्गों पर सफर करना किसी जोखिम से कम नहीं रह गया है। बावजूद इसके संबंधित विभाग और प्रशासन इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सबसे खराब स्थिति भैरूंदा-बोरखेड़ा मार्ग, कृषि उपज मंडी रोड, नहर चौराहा से बिजला जोड़ मार्ग, भैरूंदा-राला रोड तथा अतरालिया से नहर चौराहा तक जाने वाले मार्ग की है। नगर के बीच से गुजरने वाला मुख्य सड़क मार्ग भी गड्ढों में तब्दील हो चुका है। कई स्थानों पर सड़क की डामर परत पूरी तरह उखड़ गई है, जिससे वाहन चालकों को बार-बार रफ्तार कम करनी पड़ती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगर के बीच स्थित बड़े पुल की हालत भी चिंता का विषय बनी हुई है। पुल पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन अचानक धीमे या रुक जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। संकरी सड़क और खराब मार्ग के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचते हैं, छात्र-छात्राएं स्कूल और कॉलेज जाते हैं तथा व्यापारी और आम नागरिक भी इन्हीं सड़कों का उपयोग करते हैं। इसके बावजूद सड़क मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

बारिश का मौसम शुरू होने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है। इससे विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें करने और समाचार प्रकाशित होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो किसी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों का सवाल है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा और इन खतरनाक सड़कों से नागरिकों को राहत मिलेगी।